समाज कार्य में स्नातक उपाधि (बीएसडब्ल्यूजी)
सत्रीय कार्य : 2025—2026

पाठ्यक्रम शीर्षक

प्रथम वर्ष

बीएसडब्ल्यू—121: व्यावसायिक समाज कार्य और इसके मूल्य
बीएसडब्ल्यू—122: समाज, सामाजिक संस्थान और सामाजिक समस्याएं
बीएसडब्ल्यू—123: सामुदायिक संगठन और संचार

द्वितीय वर्ष

बीएसडब्ल्यू—124: मानव विकास, व्यवहार और परामर्श
बीएसडब्ल्यू—125: सामाजिक व्यैक्तिक कार्य और सामाजिक समूह कार्य
बीएसडब्ल्यू—126: परिवार स्थापन में सामाजिक कार्य
बीएसडब्ल्यू—127: जन स्वास्थ्य और एचआईवी/एड्स

तृतीय वर्ष

बीएसडब्ल्यू—128: सामाजिक नीति और सामाजिक विकास
बीएसडब्ल्यू—129: समाज कार्य में अनुसंधान के तरीके
बीएसडब्ल्यू—130: मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम
बीएसडब्ल्यू—131: समाज कल्याण प्रशासन और सामाजिक कार्य

अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीखः
जुलाई, 2025 सत्र—मार्च 31,2026
जनवरी, 2026 सत्र—सितम्बर 30,2026

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली—110 068

प्रिय शिक्षार्थी,
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के बीएसडब्ल्यूजी कार्यक्रम में आपका स्वागत है। आपने समाज कार्य में स्नातक होने के लिए यह कार्यक्रम एक उद्देश्य के साथ चुना है ताकि आप हमारी मानवजाति की सामाजिक दशाएं सुधारने के लिए अपनी योग्यता प्रमाणित कर सकें। बीएसडब्ल्यूजी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

- अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के बी.एस.डब्ल्यू.जी अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।
- आप अपने सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- परीक्षा फार्म समय पर भरें।

सत्रीय कार्य एक खुली किताब है और हम इग्नू में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समग्र ग्रेड की गणना करते समय सत्रीय कार्यों के लिए 30%भारित देते हैं। **सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए**। सत्रीय कार्य–प्रतिक्रिया का एक अच्छा सेट तैयार करने के लिए आप उन सभी अध्यायों को पढ़े जिनमें से सवाल तैयार किए गए हैं। आप अपने सहकर्मी शैक्षिक परामर्शदाताओं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करे जिन्होंने आपको पढ़ाया है। मसौदा तैयार करें, उस पर आवश्यक सुधार करे और तब अंतिम संस्करण अध्ययन केंद्र में प्रस्तुत करने के लिए तैयार करें।

हर सवाल का जवाब देने के लिए नया पृष्ठ शुरू करें। लंबे और मध्यम जवाब देने के लिए यह सुनिश्चित करें कि इसमें एक परिचय है, मुख्य भाग के लिए एक उप–शीर्षक और एक निष्कर्ष हो। प्रत्येक अनुच्छेद के बीच एक लाईन छोड़ें। आपके जवाब विशिष्ट हों और आपके अपने शब्दों में हो यह किताब की नकल ना हो। आपके उत्तर इग्नू के पठन सामग्री पर आधारित हों। सत्रीय कार्य आपके सत्रांत परीक्षा की तैयारी है, इसलिए इसे गंभीरतापूर्वक लें।

(डॉ.सायन्तनी गुइन)
कार्यक्रम संयोजक
email:sayantaniguin@ignou.ac.in
Ph: 011–29571697

सामाजिक कार्य में अनुसंधान के तरीके

सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोडःबीएसडब्ल्यू–129
कुल अंक – 100

नोट :

(i) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **पाँच** के उत्तर **500** शब्दों में दें।
(ii) सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।

1. समाज कार्य अनुसंधान को परिभाषित कीजिए। समाज कार्य के क्षेत्र में इसका अर्थ, दायरा और महत्व स्पष्ट कीजिए। 20

2. सामाजिक विज्ञान अनुसंधान और प्राकृतिक विज्ञान अनुसंधान के बीच संबंधों पर चर्चा कीजिए। प्रत्यक्षवाद समाज कार्य अनुसंधान को कैसे प्रभावित करता है? 20

3. समाज कार्य अनुसंधान में एकीकृत या मिश्रित–पद्धति दृष्टिकोण क्या है? इसके लाभों और सीमाओं पर चर्चा कीजिए। 20

4. गुणात्मक अनुसंधान में फोकस समूह चर्चा (FGD) आयोजित करने के महत्व और प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए। 20

5. अनुसंधान डिजाइन क्या हैं? समाज कार्य अनुसंधान में सामान्यतः प्रयुक्त किन्हीं तीन प्रकार के अनुसंधान डिजाइनों का वर्णन कीजिए। 20

6. समाज कार्य अनुसंधान में प्रयुक्त डेटा संग्रह की विभिन्न विधियों और उपकरणों का वर्णन कीजिए। यह बताइए कि किस विधि का उपयोग करना है, यह कैसे तय किया जाए। 20

7. समाज कार्य में शोध रिपोर्ट लिखने की प्रक्रिया और सिद्धांतों पर चर्चा कीजिए। एक अच्छी शोध रिपोर्ट के प्रमुख घटक क्या हैं? 20

8. समाज कार्य अनुसंधान में प्रयुक्त बुनियादी सांख्यिकीय तकनीकों का वर्णन कीजिए। केंद्रीय प्रवृत्ति के माप आँकड़ों के विश्लेषण में किस प्रकार सहायक होते हैं? 20